हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 42.9 डिग्री से.
न्यूनतम 25.5 डिग्री से.

12 निगम कार्यालय पहुंचा वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की खामियों का रोष



13 शतरंज स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### वेयरहाउस से सामान चोरी, सहायक पर केस

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के वेयरहाउस से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के वेयरहाउस इंचार्ज की शिकायत पर कार्यालय सहायक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कुंडली स्थित टीडीआई किंग्सबरी निवासी अभिजीत पांचाल ने पुलिस को बताया कि वह एक टेलीकॉम कंपनी में वेयरहाउस इंचार्ज हैं। कंपनी का कार्यालय एल्डिको काउंटी मार्केट में है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यालय सहायक आशीष उर्फ आशु के पास कार्यालय की सभी चाबियां रहती थीं। स्टॉक का मिलान करने पर 100 लीटर ल्यूब ऑयल, सात स्टॉपर, दो-तीन स्टार्टर रिंग और 15 डीजी फिल्टर गायब मिले।

### दुकान के गल्ले से नौ हजार रुपये चोरी

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने परचून की दुकान के गल्ले से नौ हजार रुपये चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गांव ताजपुर निवासी मुकेश ने शिकायत दी थी कि 6 जून को वह दुकान खोलकर वॉशरूम गया था। लौटने पर गल्ले से करीब नौ हजार रुपये गायब मिले। जांच के दौरान गांव जैनपुर निवासी सन्नी उर्फ मार्टीन का नाम सामने आया। मुख्य सिपाही कुलदीप की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### हेरोइन तस्करी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली ने 451 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 16 मई को जीटी रोड पर नाकाबंदी के दौरान गौरव और अमन को 451 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान नाइजीरिया निवासी बेनेडिक्ट एनी उर्फ जैक उर्फ पॉप को भी गिरफ्तार किया गया था। अब सहायक उपनिरीक्षक सुनील की टीम ने सौरभ को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## विकास नगर के लोगों का जीना दूभर, सड़कों पर भरा दूषित पानी

# पुरानी के ऊपर ही बिछाई नई पाइपलाइन, पानी निकासी ठप

## करीब 200 करोड़ के प्रोजेक्ट की सीएम फ्लाइंग कर रही जांच, कई कॉलोनियों का रिकॉर्ड तलब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

शहर में सीवर और स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने के कार्यों में कथित अनियमितताओं का खामियाजा अब लोग भुगत रहे हैं। विकास नगर की कई गलियों में सीवरेज व्यवस्था ठप होने से करीब 250 परिवार लंबे समय से परेशान हैं। मंगलवार को क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द समाधान की मांग की। स्थानीय निवासी हवा सिंह, राजकुमार और नरेश ने आरोप लगाया कि दो-तीन वर्ष पहले गली नंबर-2 सहित आसपास की गलियों में नई सीवर और स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाई गई थी, लेकिन निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि नई पाइपलाइन को पुरानी लाइन के ऊपर ही डाल दिया गया। पाइपों की गहराई और लेवल भी मानकों के अनुरूप नहीं रखा गया, जिससे सीवर बार-बार ओवरफ्लो हो रहा है और जल निकासी प्रभावित हो रही है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि मामले की शिकायत चंडीगढ़ तक की जा चुकी है। इसके बाद सरकार ने करीब एक माह पहले नगर निगम से संबंधित रिकॉर्ड तलब किया था। फिलहाल पूरे मामले की जांच सीएम फ्लाइंग कर रही है और जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी।

### चार कॉलोनियों के कार्यों की जांच

सूत्रों के अनुसार, जांच टीम ने विकास नगर, कल्याण नगर, श्याम नगर और जटवाड़ा में बिछाई गई सीवर एवं स्टॉर्म वाटर लाइन से संबंधित सभी दस्तावेज मांगे हैं।





सोनीपत। विकास नगर में नई सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई पुरानी लाइन। (फाइल फोटो)

### ये ब्योरा किया तलब

इनमें एस्टीमेट, ड्राइंग, डीएनआईटी, वर्क ऑर्डर, माप पुस्तिका (एमबी), गुणवत्ता रिपोर्ट, भुगतान विवरण, कार्य की निगरानी करने वाले अधिकारियों के नाम तथा निर्माण एजेंसी का ब्योरा शामिल है। बताया जा रहा है कि इन चार क्षेत्रों में पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान सीवर और स्टॉर्म वाटर लाइन पर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद बारिश के दौरान जलभराव और सीवर जाम की समस्या बरकरार है।

### संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई

विकास नगर में सीवर लाइन का मामला संज्ञान में है। संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। लोगों की समस्या का जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।
- **राजीव जैन**, मेयर, नगर निगम, सोनीपत



## खड़े कैंटर से टकराई टाटा 407, चालक समेत दो की मौत

- हलालपुर के पास यूईआर-2 पर हादसा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

गांव हलालपुर के पास यूईआर-2 पर मंगलवार सुबह खड़े कैंटर से टकराने के कारण टाटा 407 सवार चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव उचाना कला (जींद) निवासी कृष उर्फ काला ने पुलिस को बताया कि उसके पिता शिशपाल टाटा 407 से मुर्गियां दिल्ली सप्लाई करते थे। 29 जून की रात वह अपने साथी बलदेव सिंह निवासी झांझ खुर्द (जींद) के साथ टोहाना से मुर्गियां लेकर दिल्ली के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह करीब छह बजे हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि टाटा 407 सड़क पर खड़े आइशर कैंटर के पीछे जा टकराई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कैंटर चालक ने वाहन को मुख्य सड़क पर बिना किसी चेतावनी संकेत या रिफ्लेक्टर के खड़ा किया था, जिससे अंधेरे में हादसा हो गया। दुर्घटना में शिशपाल और बलदेव सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों शवों को वाहन से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 3.50 लाख की ठगी

**खरखौदा।** थाना खरखौदा पुलिस ने रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.50 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दारा सिंह निवासी गांव फिरोजपुर बांगर, हाल निवासी देहरादून (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। गांव रामपुर कुंडल निवासी रोहित ने शिकायत दी थी कि आरोपी ने उच्च अधिकारियों और मंत्रियों से संपर्क होने का दावा कर रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर बैंक खाते के माध्यम से 3 लाख रुपये तथा 50 हजार रुपये नकद लिए थे। नौकरी नहीं लगने पर आरोपी ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना खरखौदा में 17 अक्टूबर 2024 को विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### नकलोई में दुकान से 690 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी

**सोनीपत।** गांव नकलोई में एक सुनार की दुकान से करीब 690 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी का मामला सामने आया है। बिधलान निवासी सागर ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उन्होंने गांव नकलोई में टावर वाली गली में दुकान किराये पर ले रखी है। दुकान में छह चांदी के सिक्के, आठ जोड़ी पाजेब, गणेश-लक्ष्मी की चांदी की मूर्तियां तथा अन्य आभूषण रखे हुए थे। सोमवार को दुकान पर पहुंचने पर सामान गायब मिला। दुकान में सीसीटीवी नहीं लगे हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### लिवान में सामान लेने गए श्रमिकों पर हमला, 3 घायल

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव लिवान में सामान लेने गए तीन श्रमिकों पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। विवाद बाइक की टक्कर के बाद शुरू हुआ। एचएसआईआईडीसी सेक्टर-58 स्थित एक कंपनी में कार्यरत दिलखुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी विश्वामित्र, गोविंद और मोहन के साथ लिवान गांव के गेट के पास सामान लेने गया था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों की टक्कर लगने से विवाद हो गया। आरोप है कि टक्कर के बाद युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और गोविंद के सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उन्होंने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और तीनों श्रमिकों पर ईंटों व बेल्ट से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। राई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 4 दिन में 891 ने जमा करवाया 1.50 करोड़ का प्रॉपटी टैक्स

**सोनीपत।** कई वर्ष से प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वाले उपभोक्ताओं को शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने 30 जून तक ब्याज मुक्त राशि चुकाने की विशेष छूट दी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा शहरवासी इस योजना का लाभ उठा सके। चार दिन की तय समय अवधि में शहरवासियों ने 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त की राहत के साथ करीब 1.50 करोड़ से ज्यादा रुपये प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाया है। नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केंद्र में योजना के अंतिम दिन मंगलवार को शहरवासियों की काफी भीड़ रही। इस दौरान कार्यरत करीब 20 कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं की त्रुटियों को भी मौके पर ठीक किया गया। सरकार की ओर से शहरवासियों को ब्याज माफी के साथ प्रॉपर्टी टैक्स भरने की योजना काफी लंबे समय के बाद दी थी। ऐसे में कई लोगों को करीब आधी राशि का लाभ मिला। प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने का कार्य 27 से 29 जून को अवकाश के बावजूद जारी रखा गया। बता दें कि निगम क्षेत्र में करीब 75484 रिहायशी प्रॉपर्टी हैं। इनमें करीब 43110 प्लॉट, 10927 व्यवसायिक भवन शामिल हैं।

### मां की शिकायत पर पहुंचे पुलिसकर्मियों पर बेटे का हमला, ईआरवी पर किया पथराव

**गन्नौर।** पीरगढ़ी गांव में घरेलू विवाद की शिकायत पर पहुंची पुलिस टीम पर एक युवक ने हमला कर दिया। आरोपित ने सरकारी ईआरवी पर पथराव कर उसके शीशे तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। ईआरवी चालक सिपाही सतनाम ने पुलिस को बताया कि 28 जून की रात डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि पीरगढ़ी निवासी बिमला ने अपने बेटे नरेंद्र पर मारपीट का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नरेंद्र को समझाकर मामला शांत कराया। आरोप है कि इसी दौरान नरेंद्र ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज और हाथापाई की तथा सरकारी कार्य में बाधा डाली। पुलिस टीम जब गांव से लौट रही थी तो उसने ईआरवी पर पथराव कर आगे और पीछे के शीशे तोड़ दिए। पुलिसकर्मी गाड़ी से नीचे उतरे तो उसने उन पर भी पत्थर फेंके, हालांकि वे बाल-बाल बच गए। पुलिस ने आरोपित को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह जान से मारने की धमकी देते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।




## आंधी का कहर, खेतों में लगी सोलर प्लेट उड़ीं



- गांव गढ़ी सिसाना में किसानों को नुकसान
- प्रशासन से मरम्मत करवाने की अपील

**खरखौदा।** तेज हवाओं के चलते गांव गढ़ी सिसाना में खेतों में लगे सोलर पंप सिस्टम की कई सोलर प्लेटें उखड़कर दूर खेतों में जा गिरीं, जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। हालांकि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो गई। किसान अशोक कुमार ने बताया कि तेज तूफान के कारण उनके खेत में लगा सोलर सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गया। सोलर प्लेटें उड़कर अन्य खेतों में जा गिरीं, जिससे सोलर पंप बंद हो गया और फसलों की सिंचाई बाधित हो गई। उन्होंने बताया कि केवल उनके ही नहीं, बल्कि गढ़ी सिसाना क्षेत्र के कई किसानों के सोलर सिस्टम भी तूफान की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर क्षतिग्रस्त सोलर सिस्टम की जल्द मरम्मत करवाई जाए, ताकि सिंचाई व्यवस्था बहाल हो सके। किसानों ने उचित मुआवजा और शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

## हलालपुर से सोलर मोटर चोरी

**खरखौदा।** गांव हलालपुर में खेत से सोलर मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हलालपुर निवासी मोहित ने पुलिस को बताया कि उसके खेत में सिंचाई के लिए सोलर पैनल और सोलर मोटर लगी हुई थी। 26 जून की शाम वह खेत पर गया था, लेकिन अगले दिन सुबह पहुंचने पर सोलर मोटर गायब मिली। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है।



# नगर निगम कार्यालय पहुंचा वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की खामियों का रोष

- वार्ड 5 के पूर्व पार्षद मुकेश सैनी रस्सियों में जकड़कर श्रवण कुमार की भांति दूषित पेयजल की कावड़ लेकर ननि कार्यालय पहुंचे
- वार्ड 19 से 21 तक के पार्षदों व पार्षद पति भी मटकों में दूषित पानी लेकर रोष मार्च निकाल अधिकारियों के समक्ष पहुंचे
- निगम आयुक्त को मटकें भेंट कर जताया रोष, जल्द समाधान की लगाई गुहार






सोनीपत। नगर निगम में आयुक्त कार्यालय के बाहर रोष जताते पूर्व पार्षद मुकेश सैनी तथा रेलवे रोड पर दूषित पानी के मटकों के साथ रोष मार्च निकालते हुए निगम कार्यालय की तरफ कूच करते पार्षद व वार्ड वासी और सोनीपत नगर निगम में आयुक्त कार्यालय के बाहर रोष जताते विभिन्न वार्डों के लोगों की भीड़ व सोनीपत नगर निगम कार्यालय में पार्षदों के साथ बैठक करते मेयर राजीव जैन व आयुक्त हर्षित कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधा की खामियों का रोष मंगलवार को कार्यालय तक पहुंच गया। विभिन्न वार्डों के नगर निगम पार्षद मटकों में दूषित पेयजल लेकर ननि कार्यालय पहुंचे। वार्ड पार्षदों व लोगों ने आयुक्त हर्षित कुमार को मटकें भेंट कर रोष जताते हुए समाधान करवाने की मांग की। वार्ड नंबर 5 के पूर्व पार्षद मुकेश सैनी खुद को रस्सियों में जकड़कर स्वर्ण कुमार की भांति दूषित पेयजल की कांवड़ लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे। इसके बाद मेयर राजीव जैन व आयुक्त हर्षित कुमार ने लोगों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते हुए वार्ड 5 के पूर्व पार्षद मुकेश कुमार ने बताया कि उनका वार्ड नगर निगम के बड़े वार्डों की गिनती में आता है। वार्ड के अंतर्गत करीब 15 कॉलोनियां शामिल हैं। भीषण गर्मी के बीच अधिकतर कॉलोनियों के लोगों को पेयजल व सीवर समस्या का सामान करना पड़ रहा है। खासकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शिव कॉलोनी, चावला कॉलोनी, ऋषि कुंज कॉलोनी, देवडू रोड पर करीब 25 दिन से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइटों के अभाव में शाम होते ही कॉलोनियों में अंधेरा छाया रहता है। अंधेरे में अनहोनी घटना होने की आशंका बनी रहती है। वार्ड में कम से कम 500 स्ट्रीट लाइटों की दरकार है। शिकायत करने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वहीं वार्ड 19 से 21 तक के निगम पार्षद राजेश मलिक, नवीन , अनुराग जैन, राजकुमार शर्मा, पार्षद पति संजय रेलवे रोड से पैदल रोष मार्च निकालते निगम कार्यालय पहुंचे थे। पार्षदों ने बताया कि वार्डों में सीवर लाइन ओवरफ्लो होने से दूषित पानी गलियों में खड़ा रहता है। दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। व बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। बैठक में मेयर व आयुक्त ने पार्षदों समस्या पर विस्तार से बात रखी। इसको लेकर अधिकारियों व ठेकेदारों को तलब कर जवाब मांगने का निर्णय लिया गया, ताकि समस्याओं का हल गंभीरता से निकाला जा सके।

### बिन बिजली-तेल डिस्पोजलों पर बनी समस्या

मेयर ने सीवर डिस्पोजलों का दौरा कर वहां आ रही समस्याओं बारे आयुक्त हर्षित कुमार से चर्चा की। राजीव जैन ने बताया कि विशेषकर लाइन पार इलाके सीवेरज के पानी की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है, जिनके लिए ठेकेदार के कर्मचारियों की लापरवाही साफ नजर आ रही है। बिजली के अघोषित कटों के कारण डिस्पोजलों पर भी समस्या आ रही है और निरीक्षण के दौरान जनरेटरों में तेल नहीं मिला, जिसके लिए अधिकारियों को गैर जिम्मेदाराना कार्य के लिए कड़ी चेतावनी दी।

### जाम होगा गोहाना रोड

सभी पार्षदों ने कहा कि गंदे पानी की निकासी न होने से दूषित पेयजल आपूर्ति से जनजीवन बेहाल हो चुका है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं करवाई जा रही हैं। शिकायत करने के बावजूद समाधान में खानापूर्ति हो रही है। पार्षदों ने वार्ड नंबर 21 की 24, 25, 26 नंबर गली अप्रूव्ड करने, निकासी के प्रबंध करवाने, सुविधाओं के नाम पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### मेयर ने लगाई फटकार

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सीवेरज जाम, दूषित पेयजल की बढ़ती शिकायतों को लेकर नगर निगम अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही ठेकेदारों एवं अधिकारियों को बुधवार निगम कार्यालय में तलब किया गया है। इसके अलावा शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी सुपरवाइजरों को तलब कर डांट लगाई गई। बता दें कि शहर की सड़क सफाई का टेंडर खत्म होने से भी परेशानी बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप



खरखौदा। मुकेश दहिया का सम्मान करते साथी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### 38 वर्ष की सेवा अवधि के बाद मुकेश सेवानिवृत्त

**खरखौदा।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा बी एण्ड ब्रांच खरखौदा में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह ब्रांच प्रधान संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि 30 जून को मुकेश दहिया ड्राइवर पद पर से बी एण्ड आर खरखौदा से अपनी 38 वर्ष की लंबी सेवा अवधि के उपरांत सकुशल स्वास्थ्य के साथ विभाग से सेवानिवृत्ति हुए। विनोद शर्मा, धूप सिंह, देवेंद्र मौजूद रहे।

### वीरांगना उदा देवी को जयंती पर किया याद

**गोहाना।** वीरांगना उदा देवी पासी को उनकी 196वीं जयंती पर याद किया गया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को यह समारोह शहर में शहर में रोहतक मार्ग स्थित चोपड़ा कॉलोनी में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि करनाल से समाजसेवी रामपत पांचाल ने कहा उदा देवी पासी अतुलनीय शौर्य एवं वीरता की प्रतिमूर्ति थी। 1857 की क्रांति में 16 नवंबर को लखनऊ के सिकंदर बाग में पीपल के पेड़ पर चढ़कर रिवॉल्वर से 36 के करीब ब्रिटिश सैनिकों को मौत के घाट उतारा था।

### संत कबीर का 629वां प्रकट दिवस मनाया

**सोनीपत।** कबीरपुर वार्ड-11 स्थित धानक चौपाल में मंगलवार को संत कबीर समाज उत्थान सेवा समिति की ओर से संत शिरोमणि कबीर साहेब का 629वां प्रकट दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंबरदार बालमुकंद मेहरा ने की, जबकि मंच संचालन नेशनल अवॉर्डी दीपक कुमार मंथन ने किया। दीपक ने कहा कि कबीर की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने सत्य, प्रेम, समानता और मानवता का संदेश दिया तथा जाति-पाति, अंधविश्वास और पाखंड का विरोध किया।

# सड़क जाम के बाद बिजली कार्यालय पहुंचे विशाल नगर के लोगों ने सुनाया दर्द

## बिजली के तार बार-बार गर्म होकर शॉर्ट-सर्किट हो रहे, समाधान की गुहार

- एसडीओ को शिकायत पत्र देकर उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने की लगाई गुहार, जल्द समाधान का मिला आश्वासन
- क्षेत्र में आए दिन पुरानी तारों के कारण शॉर्ट-सर्किट होने से बना रहता है जान माल का खतरा व कम वोल्टेज आने से आर्थिक नुकसान झेल रहे लोग




सोनीपत। विशाल नगर की गली नंबर 8 में लगा टूटा हुआ खंभा तथा गन्नौर में नल ओवरफ्लो होने की वजह से दातौली रोड पर भरा दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विशाल नगर में बिजली-पेयजल की मूलभूत सुविधा को लेकर सड़क जाम करने के एक दिन बाद मंगलवार को कॉलोनीवासियों ने बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ से मिलकर अपना मांग पत्र सौंपा।

गली नंबर 8 के लोगों ने एसडीओ को दी शिकायत में बताया कि विशाल नगर में बिजली के तार बार-बार गर्म होकर शॉर्ट-सर्किट हो रहे हैं। इससे आए दिन कॉलोनी में बिजली संकट खड़ा रहता है। समस्या का स्थायी समाधान करवाने के बजाय कर्मचारी खानापूर्ति कर चले जाते हैं। ऐसे में उनके क्षेत्र में बिजली की तारों को बदलवाकर सिंगल कोर केबल लगवाई जाए, ताकि उन्हें समस्या से निजात मिल सके। कॉलोनी वासी इंद्र सिंह, अमर सिंह, अजीज, नरेंद्र, भानेराम, सतनारायण, संजय कुमार, कृष्ण कुमार, सुमित, अनिल, तेजवीर, शीला, जयनारायण, साजिद, भानेराम, रामनिवास ने बताया कि बिजली निगम की ओर से कॉलोनी में कई साल पहले तारे बदलवाने का कार्य किया था। इससे सभी घरों में डोमेस्टिक कनेक्शन दिए गए हैं।

अब यह तारे वक्त के साथ काफी पुरानी हो गई हैं, जो कभी भी हीट होकर शॉर्ट-सर्किट होने से टूट या जल जाती है। बिजली के मेन तार जलने से आए दिन समस्या बनी रहती है। समय-समय पर शॉर्ट-सर्किट होने से लोगों की जान माल का खतरा बना रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में कम वोल्टेज आने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

गली नंबर 8 में कई दिन से टूटा खंभा हादसे को न्योता दे रहा है, जिसे जल्द बदलवाने की मांग की गई। लोगों ने बताया कि समस्याओं को लेकर वह कई बार शिकायत दे चुके हैं। उनकी आज तक सुनवाई नहीं हुई है। मांग है कि क्षेत्र में सिंगल कॉर केवल लगवाई जाए, ताकि किसी भी समय होने वाली अनहोनी से बचा जा सके। लोगों की शिकायत पर एसडीओ ने समस्या का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

### दातौली में जोहड़ की सफाई नहीं होने से सड़क पर भरा दूषित पानी

**गन्नौर।** गांव दातौली में दूषित पानी की निकासी के लिए बनाए गए जोहड़ की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जोहड़ में गाद और कचरा जमा होने से वह ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे गांव के नालों का पानी सही ढंग से नहीं निकल पा रहा। निकासी बाधित होने के कारण दूषित पानी सड़क पर जमा हो गया है और लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की ओर से कई बार बीडीपीओ विभाग को जोहड़ की सफाई कराने के लिए मांग भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जमा दूषित पानी से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। लोगों ने प्रशासन से जल्द जोहड़ की सफाई कराकर दूषित पानी की निकासी सुचारु करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं होता तो विरोध प्रदर्शन करेंगे।



सोनीपत। बैठक में उपस्थित अधिकारी साथ में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य।

# मानसून-यातायात व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए

## एडीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक

- जलभराव, अतिक्रमण और स्कूल बसों की जांच तेज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों को मानसून और यातायात व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को महाराणा प्रताप चौक से ट्रक यूनियन तक ड्रेन की सफाई समन्वय के साथ कराने तथा एनएचएआई और एमवीओ को एनएच-44 पर गोल्डन हट, टीडीआई सहित जलभराव वाले सभी स्थानों का निरीक्षण कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एनएच-44 और केजीपी पर अवैध अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, शहर के जाम वाले स्थानों और बहालगढ़ से सोनीपत मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क की समीक्षा की गई। मुरथल, बहालगढ़ और कुंडली में बनने वाले फुटओवर ब्रिज पर एस्केलेटर लगाने तथा ब्लैक स्पॉट पर लोहे की ग्रिल लगाने के निर्देश भी दिए गए। मई माह में ओवर स्पीड के 26, बिना हेलमेट 411, बिना सीट बेल्ट 267, गलत दिशा में वाहन चलाने के 640 और शराब पीकर वाहन चलाने के 22 चालान किए गए। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत 21 स्कूल बसों की जांच में चार बसों के चालान किए गए। एडीसी ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल बसों की नियमित जांच जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सुभाष चंद्र, एसीपी राजदीप मोर, एमवीओ सचिन ढुल, जीएम रोडवेज संजय कुमार व अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ठेका सफाईकर्मियों का धरना जारी

- स्थायी नियुक्ति और समान वेतन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम सोनीपत में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बली सेना यूनियन के बैनर तले चल रहा धरना मंगलवार को 15वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता उपाध्यक्ष रविंदर ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने नगर निगम में प्रस्तावित पांच साल के टेंडर का विरोध करते हुए सरकार से सभी ठेका कर्मचारियों को निगम के रोल पर लेने, समान काम के लिए समान वेतन देने और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से दोबारा ड्यूटी पर लिया जाए और उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# मांगें पूरी नहीं होने पर मुख्यालय घेरने की चेतावनी

- एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन की बैठक में आंदोलन की रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित जिला कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कार्यालय में जिला प्रधान सुरेंद्र सिगरोहा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव संदीप दूहन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य कोषाध्यक्ष



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

रामपाल शर्मा ने कहा कि पिछले दो वर्षों से मुख्य प्रशासक पंचकूला कर्मचारियों की मांगों पर केवल आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन किसी भी मांग का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि 19 और 26 मई को भी बातचीत तय हुई, लेकिन मांगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और बातचीत की कार्यवाही भी जारी नहीं की गई। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि 6 जुलाई तक जॉब सिक्योरिटी, कच्चे कर्मचारियों का रुका वेतन, सेवानिवृत्ति सम्मान राशि बढ़ाने, विभागीय खेल दोबारा शुरू करने और कनिष्ठ अभियंताओं की पदोन्नति सहित मानी गई मांगों के आदेश जारी नहीं किए गए तो 7 जुलाई को पंचकूला मुख्यालय पर गेट मीटिंग, धरना, प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा। वहीं से आगे के आंदोलन की घोषणा भी की जाएगी। बैठक को जिला चेयरमैन मुकेश शर्मा, अशोक कुमार, नरेश कुमार, राजेश कुमार और दर्शन लाल ने भी संबोधित किया।

**कार्यक्रम** राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी में इको क्लब ग्रीन कैंप

# छात्रों ने अपनी माताओं के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी में इको क्लब ग्रीन कैंप में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिसमें विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। हेड मास्टर रामफल सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों को जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता, प्लास्टिक का कम उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें माताओं के हाथों पौधे लगवाए गए। बच्चों और अभिभावकों ने पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल और संरक्षण करने की शपथ भी ली।




गन्नौर। इको क्लब प्रभारी एवं पीटीआई बबीता मलिक पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

इको क्लब प्रभारी एवं पीटीआई बबीता मलिक का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रभारी प्रीति मलिक, राजेश, अनु, पिंकी, सुमन आदि मौजूद थे।

### सुरक्षित बचपन का दिया संदेश



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचीं जिला बाल संरक्षण अधिकारी का स्वागत करते हुए।

**सोनीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला कार्यालय में वॉयस ऑफ सर्वाइवर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बाल विवाह, बाल श्रम और पॉक्सो से प्रभावित बच्चों और किशोरों ने अपने जीवन के संघर्ष और दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौटने की कहानी साझा की। मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. ऋतु गिल ने कहा कि बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर देना जरूरी है। हर बच्चे को सुरक्षित माहौल, शिक्षा और न्याय का अधिकार है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम और बच्चों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए समाज, परिवार, प्रशासन और सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करना होगा।

### आर्गेनाइजेशन ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

**सोनीपत।** क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राईटस आर्गेनाइजेशन द्वारा पौधारोपण अभियान शुरू किया गया। जिला बाल कल्याण परिषद बाल भवन में आयोजित अभियान में जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती ने बताया कि जीवन में पौधों का अहम महत्व है। पौधो के बिना जीवन जीना असंभव है। क्योंकि पौधो से हमें आक्सीजन प्राप्त होती। आक्सीजन के बिना कोई भी जीव जिवित नहीं रह सकता। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधो का अहम योगदान है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाने चाहिए। संगठन ने इस मानसून में 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम अधिकारी रीत, सह कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल सिंह, लेखाकार ब्रह्मप्रकाश खत्री, जगमाल, अनिल दहिया, लोकेश, शिल्की, ममता, पौधारोपण संयोजक ऊषा राजपूत, सहायक निरक्षक जगत सिंह, पवन तनेजा, सुमन लता, सुशील त्यागी मौजूद थे।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### 14 सूत्रीय मांगों के लिए बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मंगलवार को सोनीपत के सर्कल कार्यालय में 14 सूत्रीय मांगों को मनवाने के लिये प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन चेयरमैन अनिल कौशिक ने की व मंच का संचालन सर्कल सचिव सुमित कटारिया ने किया। रोष प्रदर्शन में एग्री डिस्कोम, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, रिस्क अलाउंस, मेडिकल कैशलेस, समान काम समान वेतन, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, फ्री यूनिट लागू करवाना आदि मांगों को लेकर नारेबाजी की गई। इस दौरान सर्कल सचिव सुमित कटारिया ने बताया कि 2 जुलाई को बिजली मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से घेराव में हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधान राज सिंह दहिया, हरीश राणा, सूरजभान दहिया, हरपाल भनवाला, प्रदीप नरवाल, सतीश चहल, राजकुमार, मुकेश शर्मा, राजेश शर्मा, बिजेंद्र दिया, मंजीत आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### सीयूईटी में भूगोल में सोनिया देश में टॉपर

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सोनिया ने सीयूईटी यूजी-2026 परीक्षा में भूगोल विषय में देशभर में सर्वोच्च स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। सोनिया ने 250 में से 249.45 अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्कूल के चेयरमैन नरेंद्र बाल्यान ने सोनिया और उनके पिता हवा सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता सोनिया की मेहनत लगन का परिणाम है।

### युवक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी काबू

**गोहाना।** खंदराई गांव में बर्फ तोडऩे वाले सूए, गंडासे व अन्य धारदार हथियारों से युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित विनोद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश करने के बाद रिमांड पर भेज दिया गया।

### युवक के खाते से 1.46 लाख की साइबर ठगी

**सोनीपत।** भैंसवाल कलां निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। उसके बैंक खाते से 1.46 लाख रुपये निकाल लिए गए। मामले की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोनू ने पुलिस को बताया कि बाजार में खरीदारी के दौरान ऑनलाइन भुगतान नहीं हो सका। इसके बाद बैंक खाते का बैलेंस जांचने पर पता चला कि 26 जून को खाते से 1,46,850 रुपये निकाल लिए गए हैं।

### पुलिस ने 40 बोतल अवैध देशी शराब की बरामद

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने अवैध शराब बेचने की घटना मे संलिप्त आरोपित गांव खानपुर कलां निवासी बिरजू पुत्र रणधावा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी के कब्जे से 40 बोतल अवैध देशी शराब भी बरामद की।

### 100 किमी अल्ट्रा रन पूरी कर रोहित ने बढ़ाया मान

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी निवासी रोहित ने पुणे में आयोजित पुणे मानसून स्टेडियम रन-2026 की 100 किलोमीटर अल्ट्रा रन पूरी कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रोहित ने 250 लैप पूरे करते हुए 8 घंटे 10 मिनट 51 सेकंड में 100 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। इस शानदार प्रदर्शन पर उन्हें प्रतियोगिता में द्वितीय रनर अप ट्राफी से सम्मानित किया गया।

### पिस्तौल के बल पर धमकाने पर तीन काबू

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मारपीट और देशी पिस्तौल दिखाकर धमकाने के मामले में कमल, परविंदर उर्फ टिंकू और लक्ष्य उर्फ गोगा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सूर्या ने शिकायत दी थी कि उसके साथ मारपीट की पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई।

---

### ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय पर जताया रोष

# कतलूपुर में आवंटित प्लॉटों पर 70 साल बाद भी नहीं मिला हक

## एक हफ्ते में वंचित परिवारों को कब्जा दिलाने का दिया आश्वासन

*1956 से वंचित चल रहे सभी वाल्मीकि और एससी/बीसी के परिवार, कब्जा नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव कतलूपुर में वर्ष 1956 में वाल्मीकि और एससी/बीसी परिवारों को सरकार द्वारा प्लॉट आवंटित किए गए थे। हैरानी की बात यह है कि आज वर्ष 2026 में भी इन गरीब परिवारों को अपने ही प्लॉटों पर मालिकाना हक और कब्जा नहीं मिल पाया है। गांव के ही कुछ रसूखदार परिवार इन गरीब परिवारों के प्लॉटों पर जबरदस्ती अपना कब्जा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। इस लंबे विवाद को सुलझाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर पैमाइश करवाने और कब्जा बहाल करने के आदेश दिए गए थे।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट द्वारा पैमाइश के लिए सुबह 10:00 बजे का समय तय किया गया था। कतलूपुर के पीड़ित परिवार और ग्रामीण सुबह से ही पैमाइश टीम का इंतजार कर रहे थे। जब तय समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन की टीम और अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, तो ग्रामीणों का धैर्य टूट गया। प्रशासनिक लापरवाही से नाराज गांव वाले भारी संख्या में एकत्रित होकर जिला मुख्यालय स्थित डीसी कार्यालय पहुंच गए। वहां उन्होंने प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया और सोनीपत उपायुक्त से अपने प्लॉटों पर तुरंत कब्जा दिलाने की पुरजोर मांग की।

ग्रामीणों के गुस्से और समस्या की गंभीरता को देखते हुए सोनीपत उपायुक्त ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।



सोनीपत। गांव में पहुंचे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### अधिकारियों को जल्द पैमाइश करवाने के निर्देश

उपायुक्त ने ग्रामीणों की बात को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। उपायुक्त महोदया ने गांव वालों को आश्वस्त किया कि अगले एक हफ्ते के भीतर आगामी प्रशासनिक कार्रवाई को अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द पैमाइश की प्रक्रिया पूरी कर 1956 से वंचित चल रहे सभी बाल्मिक और एससी/बीसी परिवारों को उनके प्लॉटों पर वास्तविक कब्जा दिलाया जाए। इस विरोध प्रदर्शन और उपायुक्त से मुलाकात के मौके पर पीड़ित परिवारों के साथ ट्रेड यूनियन नेता श्रद्धानंद सोलंकी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके साथ गांव के अशोक, सतबीर, राजेश, ओम कुमार, महेंद्र पाल, विक्की, प्रदीप, संजय, मुकेश, कमला, सोना, सुमन, बबीता, प्रेमलता, कविता सहित अन्य बहुत से ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर एक सप्ताह में प्रशासन ने पैमाइश कर कब्जा नहीं दिलाया तो वे आगे के आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे।

---

# आरएन वर्मा मेमोरियल शतरंज स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**विजेताओं को 24 ट्राफी, 56 मेडल व 45000 के नकद पुरस्कार बांटे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला शतरंज एसोसिएशन व आरएन वर्मा मेमोरियल शतरंज संस्था के तत्वावधान में सब्जी मंडी स्थित जैन विद्या मंदिर स्कूल में तृतीय आरएन वर्मा मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 6 से लेकर 60 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। टूर्नामेंट के प्रथम दिन अंडर 9, अंडर 15 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें इनाया प्रथम, कनिष्का द्वितीय, घनिष्ठ कड़वल तृतीय रहा। लड़कियों की अंडर 9 प्रतियोगिता में कृतिका रोहिला ने प्रथम, सौम्या अरोड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 15 आयु वर्ग में सक्षम ने प्रथम, ईशान द्वितीय, लावण्य ने तृतीय, दर्श सैनी ने चतुर्थ व केशव ने पांचवा स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों में कनिषा डेम ने प्रथम, नम्रता ने द्वितीय व काशवी वत्स में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 12



मिक्सड कैटेगरी में हितांश ने प्रथम, अश्विन खोखर ने द्वितीय, घनिष्ठ ने तृतीय, देव कटयाल ने चतुर्थ व कविश छाबड़ा ने पांचवा स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों के मुकाबले में इनाया प्रथम, आरोही द्वितीय, कनिष्का तृतीय रही। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को कुल 24 ट्राफी, 56 मेडल व 45000 रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

### बस स्टैंड क्षेत्र में हटवाया अवैध अतिक्रमण



**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों और फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर यातायात को सुचारु बनाने का प्रयास किया गया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह और पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेंद्र कादयान के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत बस स्टैंड से मुरथल अड्डा तक सड़क किनारे रखे गए अस्थायी ढांचे, रेहड़ियां, सामान और अन्य अवरोध हटाए गए। साथ ही दुकानदारों और अन्य लोगों को भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के कारण आम लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है, इसलिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सफाई कर्मचारी नप कार्यालय में करेंगे प्रदर्शन

**गोहाना।** नगरपालिका कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई से जुड़े सफाई कर्मी बुधवार और गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन समझौते के अनुसार मांगें पूरी न होने पर किया। अगर समय रहते सरकार ने मांगों को पूरा नहीं किया तब राज्य कमेटी के आह्वान पर अगस्त के पहले सप्ताह में तीन दिन तक हड़ताल की जाएगी। संघ की गोहाना इकाई के अध्यक्ष प्रेम सिंह ने कहा कि सरकार बातचीत के बाद मांगों को लेकर समझौते तो करती है लेकिन उन्हें लागू नहीं करती। संघ के शीर्ष प्रतिनिधिमंडल को स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 30 जून तक नियमितीकरण, ठेका प्रथा समाप्त करने समेत 17 मांगों पर आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया था।

---

# बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सोनीपत लोकसभा मन की बात कार्यक्रम के संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने मंगलवार को गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का दौरा कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अपने पैतृक गांव बलीकुतुबपुर के बूथ संख्या 1, 2 व 3, अटायल गांव के बूथ संख्या 7 तथा भोरा रसूलपुर के बूथ संख्या 8 और 9 पर बूथ अध्यक्षों एवं बीएलओ-2 के साथ एसआईआर और बूथ समितियों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा सभी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि वे घर-



घर जाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करें तथा अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय गौतम, महामंत्री सुखबीर प्रजापति, विशाल फोगाट, कृष्ण कुमार, नीरज तोमर, हरिश्चंद्र जागड़ा, शिवम नेहरा, लहणा सिंह कश्यप, मेहर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### आईटीआई राजलूगढ़ी में 95 युवाओं को मिले आफर लेटर

**गन्नौर।** राजलूगढ़ी स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जाब फेयर का आयोजन किया गया। जाब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की 10 कंपनियों ने भाग लिया। इसमें 103 प्रशिक्षित युवाओं ने साक्षात्कार दिए, जिनमें से 95 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें मौके पर ही आफर लेटर सौंपे गए। कार्यक्रम में एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी के अध्यक्ष नवीन कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ अनिल कौशिक भी मौजूद रहे। इस दौरान नवीन कौशिक ने एसोसिएशन की ओर से आईटीआई इंचार्ज अशोक कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# बरसाती पानी की निकासी के लिए जरूरी प्रबंध किए जा रहे दुरूस्त : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मंगलवार को एसडीएम प्रवेश कादियान ने मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर गन्नौर शहरी क्षेत्र का दौरा किया। एसडीएम को निरीक्षण में नालों की सफाई को लेकर कुछ क्षेत्रों में संतोषजनक व्यवस्था नहीं मिली, जिसको दुरुस्त करने के लिए मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि बरसाती पानी की निकासी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से गुजरने वाली सभी प्रमुख ड्रेनों, नालों एवं जल निकासी मार्गों की नियमित रूप से सफाई करवाई जाए, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले वर्ष जिन क्षेत्रों में बरसाती पानी के एकत्रित होने की



समस्या सामने आई थी, उन स्थानों की विशेष पहचान करते हुए जल निकासी के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पंपिंग सेट, मशीनरी तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर सचिव नगरपालिका प्रदीप कुमार, पब्लिक हेल्थ विभाग अधिकारी मौजूद रहे।

---

### टेट की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने की भूख हड़ताल, समाधान की मांग




**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, सोनीपत, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शिक्षकों ने टेट परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान नरेंद्र चहल और संचालन जिला सचिव दिनेश छिक्कारा ने किया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के माध्यम से एसीएस के नाम ज्ञापन भेजा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला प्रधान नरेंद्र चहल, राज्य सचिव जोगिंदर सिंह और सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देशराज नैन ने कहा कि सरकार न्यायालय का सहारा लेकर टेट परीक्षा के बहाने शिक्षकों को बाहर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल बंद किए जा रहे हैं, शिक्षकों से लगातार गैर शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं और कई स्कूलों में सफाई कर्मचारियों की भी कमी है। जिला सचिव दिनेश छिक्कारा और जिला कोषाध्यक्ष रोहतास गंगाना ने कहा कि यदि सरकार ने शिक्षकों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने पर हुआ मंथन

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, सोनीपत की संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला महामंत्री सुमित अंतिल, संदीप राणा, नितेश त्यागी, मीडिया प्रभारी रोहित शर्मा, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मंडलों के महामंत्री मौजूद रहे। बैठक में संगठन के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी), एसआईआर अभियान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रवीन दहिया ने 6 जुलाई से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से वृक्षारोपण, गौसेवा, भंडारा और जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# मुक्केबाजी में खिलाड़ियों ने जमाई धाक

- अकादमी में पदक विजेता खिलाड़ियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पंजाब के जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गोहाना की जय बालाजी खेल अकादमी के पांच खिलाड़ियों ने अपने मुक्के का दम दिखाते हुए तीन स्वर्ण सहित पांच पदक झटक लिए। मंगलवार को अकादमी में पदक विजेता खिलाड़ियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 23 से 29 जून तक आयोजित की गई। इसमें जय बालाजी खेल अकादमी के मेधावी खिलाड़ी वंश ने 37 किलोग्राम भारवर्ग, हर्षवर्धन सिंह



गोहाना। पदक विजेता खिलाड़ी अपने कोच के साथ। फोटो : हरिभूमि

जीना ने 55 किलोग्राम भारवर्ग और देव ने 64 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जबकि रणबीर सिंह ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक अपने नाम कर लिया। अकादमी की महिला खिलाड़ी साक्षी ने 46 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल करके अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सहित अनुज चौधरी ने 37 किलोग्राम भारवर्ग और वीरेन दहिया ने 64 किलोग्राम भारवर्ग में अपने मुक्के का दम दिखाया। पदक विजेताओं को अकादमी के संस्थापक जितेन्द्र हुड्डा, अध्यक्ष अनिल मोर, अनिल मलिक, प्रिंस,भोलू, सोमबीर, राहुल, विनय, नवीन, पहलवान अजय और दीपक ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सीएम सैनी तालाबों का वर्चुअल माध्यम से करेंगे उद्घाटन

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि 01 जुलाई को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से अमृत सरोवर मिशन के तहत तैयार किए गए तालाबों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि गांव बली कुतुबपुर, दातौली तथा भाखरपुर में अमृत सरोवर मिशन के तहत तालाबों का सौंदर्यकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा, जिसमें विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

**ये रहेंगे उपस्थित :**

कार्यक्रम में उनके साथ विधायक राई कृष्णा गहलावत, विधायक सोनीपत निखिल मदान, विधायक खरखौदा पवन खरखौदा विधायक गन्नौर देवेन्द्र कादियान, नगर निगम मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक, प्रदीप सांगवान, नगर परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज सहित ब्लॉक समितियों के चेयरमैन भी मौजूद रहेंगे।

---

**मुंबई भेजी गई बालों की खेप, जिससे तैयार होगी मरीजों के लिए विग**

*फाउंडेशन सदस्यों से प्रेरित होकर लिया निर्णय*

# 10 साल की मान्या ने कैंसर मरीजों के लिए दान किए 13 इंच लंबे बाल

## छोटा सा प्रयास अनेक लोगों को करेगा प्रेरित : मान्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की सबसे कम उम्र की सक्रिय सदस्यों में से एक, 10 वर्षीय मान्या ने अपनी संवेदनशील सोच और सेवा भाव से समाज के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। मान्या ने वर्षों से संजोए अपने 13 इंच लंबे सुंदर बाल कैंसर पीड़ितों के लिए दान कर दिए हैं। इतनी कम उम्र में दूसरों के दर्द को समझते हुए ऐसा निस्वार्थ निर्णय लेना हर किसी के लिए प्रेरणादायक बना हुआ है। मान्या की माता प्रियंका ने बताया कि बाल कटवाने का यह विशेष क्षण जानबूझकर फाउंडेशन परिसर में ही रखा गया, क्योंकि यह संस्था उन्हें हमेशा समाज के लिए कुछ बेहतर करने की ऊर्जा देती है। वर्ष 2019 में फाउंडेशन की स्थापना के समय से ही मान्या अपनी माता के साथ इससे जुड़ी हुई हैं। वह नियमित रूप से पाठशाला में बच्चों को पढ़ाने सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेती रही हैं। अपने शांत, सरल और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के लिए पहचानी जाने वाली मान्या का मानना है कि उनका यह छोटा सा प्रयास अनेक लोगों को परोपकार के लिए प्रेरित करेगा।

#### मरीजों को दी जाएगी राहत

स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य रमेश जैन ने बताया कि मान्या के दान किए गए बाल मुंबई स्थित एक विशेष संस्था को भेज दिए गए हैं। वहां इन बालों से कैंसर मरीजों के लिए विग तैयार की जाएगी। कीमोथेरेपी के दौरान बाल गंवाने वाले मरीजों के लिए प्राकृतिक बालों से बनी ये विग अत्यधिक आरामदायक और मानसिक संबल देने वाली होती हैं।

#### *संस्था के अन्य सदस्य भी पहले कर चुके हैं बाल दान*

*फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि मान्या को यह प्रेरणा संस्था के अन्य साथियों से मिली। इससे पहले भी स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के सदस्य सचिन बत्रा, पलक गर्ग, अभिषेक जैन, अचल जैन एवं अनिरुद्ध जैन अपने बाल दान कर चुके हैं। मान्या के इस सराहनीय कार्य पर फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने गर्व और सम्मान व्यक्त किया है। संस्था का मानना है कि सेवा की कोई उम्र नहीं होती और यदि संवेदनशीलता बचपन से ही जीवन का हिस्सा बन जाए, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आना निश्चित है।*



### पुराने ट्रकों व बसों के बदले नए वाहनों पर मिलेगी विशेष छूट

**सोनीपत।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) एवं एसडीएम सुभाष चंद्र ने मंगलवार को ट्रांसपोर्टरों, ट्रक व बस एसोसिएशनों, टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटरों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और स्टेज कैरिज परमिट धारकों के साथ बैठक कर एनसीआर में पुराने बीएस-1, बीएस-2, बीएस-3 और बीएस-4 वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से सरकार बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों व बसों की खरीद पर 100 प्रतिशत मोटर वाहन कर और पंजीकरण शुल्क में छूट देगी। इसके अलावा वाहन खरीदने पर ब्याज में पांच प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ भी मिलेगा। आरटीए ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए पुराने वाहनों को अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर निस्तारित करना होगा। बीएस-4 वाहनों को अधिसूचना के अनुसार एनसीआर से बाहर गैर-एनसीएपी क्षेत्रों में भी बेचा जा सकता है, जबकि नए वाहन का पंजीकरण हरियाणा के एनसीआर जिले में होना जरूरी होगा। एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मोटर वाहन कर माफ करने का भी प्रावधान है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रतिबंधित पुराने डीजल वाहनों का संचालन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**आवास विंग हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सेक्टर-14 सोनीपत**

**सार्वजिक सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि आवास बोर्ड हरियाणा द्वारा मकान नंबर 511/4F सेक्टर-19, को श्री/श्रीमती पालेराम पुत्र श्री छोटे लाल निवासी मकान नंबर गाँव-चिताना, डाक माहरा, सोनीपत को पत्र क्रमांक नंबर 1271 दिनांक 27/04/2016 के द्वारा अलॉट/हस्तांतरण हुआ था। अब उपरोक्त अलॉटी/ट्रांस्फरी/खरीदार श्री/श्रीमति पालेराम पुत्र श्री छोटेलाल उपरोक्त मकान को आशीष दहिया पुत्र श्री महाराज कृष्ण के नाम हस्तांतरण करवाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस हस्तांतरण सम्बंधित किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर साक्ष्य सहित इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज करा सकता है। यदि इस अवधि के दौरान इस कार्यालय में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती तो उपरोक्त मकान की हस्तांतरण की स्वीकृति प्रस्तुत दस्तावेज़ के आधार पर श्री/श्री/श्रीमती.. आशीष दहिया पुत्र श्री महाराज कृष्ण के हक़ में प्रदान कर दी जायेगी और इसके बाद इस हस्तांतरण के संबंध में कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता/-सम्पदा प्रबंधक
आवास विंग एचएसवीपी
सोनीपत

# नेशनल डॉक्टर्स डे विशेषांक सोनीपत

# श्वेत कोट के पीछे का इंसान : 'हीलिंग' और 'ह्यूमैनिटी' का उत्सव

NATIONAL DOCTORS' DAY

हर साल 1 जुलाई का दिन कैलेंडर में सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि उन हाथों के प्रति कृतज्ञता जताने का अनुष्ठान है जो धड़कनों को थमने से रोकते हैं। भारत में 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। 1 जुलाई 1882 को जन्मे और संयोगवश 1 जुलाई 1962 को ही इस दुनिया से विदा हुए डॉ. रॉय का जीवन इस बात का प्रमाण था कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज को बदलने का एक माध्यम है। चिकित्सा विज्ञान ने आज रोबोटिक सर्जरी, एआई-संचालित डायग्नोसिस और जीन थेरेपी तक का सफर तय कर लिया है, लेकिन इन सबके केंद्र में आज भी वही पुराना सत्य अडिग है। एक डॉक्टर का स्पर्श, उसकी सांत्वना भरी बातें और मरीज की आंखों में उम्मीद जगाने का उसका हुनर।

**बदलते समय में डॉक्टर-मरीज का रिश्ता :** तकनीक बनाम संवेदनाआज का चिकित्सा क्षेत्र अभूतपूर्व बदलावों से गुजर रहा है। जहां एक तरफ अत्याधुनिक तकनीक ने असाध्य रोगों का इलाज संभव बनाया है, वहीं दूसरी तरफ डॉक्टर और मरीज के बीच का संवाद डिजिटल स्क्रीन के पीछे सिमटने लगा है। इस चिकित्सक दिवस पर चिकित्सा बिरादरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस 'तकनीकी दूरी' को पाटकर मानवीय संवेदनाओं को बचाए रखने की है। मरीज डॉक्टर के पास सिर्फ दवा लेने नहीं जाता; वह अपनी पीड़ा, अपना डर और अपना भरोसा लेकर जाता है। एक अच्छा डॉक्टर वह नहीं है जो सिर्फ बीमारी का इलाज करे, बल्कि वह है जो बीमार इंसान को समझे ।

**अदृश्य बोझः** 'जो सबको संभालता है, उसे कौन



संभाले? 'सफेद कोट पहने इन मसीहाओं की जिंदगी चमक-दमक से परे, बेहद तनावपूर्ण और जटिल होती है। इस वर्ष चिकित्सा संगठनों के बीच एक बेहद जरूरी विमर्श चल रहा है। मास्क के पीछे : जो दूसरों को ठीक करते हैं, उनकी सेहत का ख्याल कौन रखता है?

**मानसिक और शारीरिक थकान :** लगातार 24-36 घंटे की ड्यूटी, नींद की कमी और हर पल जीवन-मरण के फैसलों के बीच जीना डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है।



**बढ़ती हिंसा की घटनाएं :** अस्पतालों में अप्रत्याशित नतीजों के बाद डॉक्टरों के साथ होने वाली हिंसा चिंताजनक है। यह समझना जरूरी है कि डॉक्टर भगवान नहीं, इंसान हैं, वे बीमारी से लड़ सकते हैं, मृत्यु की नियति से नहीं। आंकड़े जो उम्मीद जगाते हैं भारत की विशाल आबादी को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा हमेशा दबाव में रहता है, लेकिन हालिया आंकड़े भारत की बदलती तस्वीर पेश करते हैंः सच्ची कृतज्ञताः सिर्फ एक दिन का सम्मान क्यों?

डॉक्टरों के प्रति हमारा आभार सिर्फ 1 जुलाई को सोशल मीडिया पर बधाई संदेश भेजने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके काम के प्रति सम्मान, अस्पतालों में एक सुरक्षित माहौल और उनके मानवीय योगदान को समझना ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। आइए, इस चिकित्सक दिवस पर हम उन डॉक्टरों, सर्जनों, शोधकर्ताओं और रेजिडेंट डॉक्टरों को सलाम करें जो अपनी खुशियों, अपने त्योहारों और अपने परिवार के समय की आहुति देकर हमारी जिंदगी की रक्षा करते हैं।

*-हैप्पी नेशनल डॉक्टर्स डे!*











